

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें
Reg. No. MH180326353

BCI
BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 144 ● मुंबई, मंगलवार 21 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### राजीव वर्मा बने अतिरिक्त मुख्य अभियंता



● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कार्यरत इंजीनियर राजीव वर्मा ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता (मुख्यालय) का पदभार ग्रहण किया है। इस संबंध में सचिव प्रशासन सीमा शर्मा ने बताया कि चैयरमैन डिस्कॉम के अनुमोदन के बाद यह आदेश जारी किए गए हैं। राजीव वर्मा इससे पहले टीए टू एमडी के पद पर कार्यरत थे। इस नियुक्ति से पहले, मुख्य अभियंता (मुख्यालय) का कार्य अशोक कुमार (मुख्य अभियंता प्रोजेक्ट) द्वारा देखा जा रहा था। श्री राजीव वर्मा के पदभार ग्रहण करने पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कर्मचारी संगठनों ने उन्हें बधाई दी है।

### जिला कलक्टर ने दो स्थानीय अवकाश किये घोषित

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अंजलि राजोरिया ने प्रतापगढ़ जिले में वर्ष 2025 के लिए दो स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में 27 मार्च 2025, गुरुवार को रंग तेरस व 24 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को कार्तिक तीज (अम्बामाता मेला) पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### अमृता हाट 30 जनवरी से

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण हेतु जिले में अमृता हाट का आयोजन 30 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक मोहनलाल सुखाड़िया स्टेडियम प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर ने बताया कि अमृता हाट में महिला स्वयं सहायता समूह की लगभग 100 स्टॉल लगायी जाएगी जो अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय करेगें।

### घर में घूस कर मारपीट एवं झूठी अफ़वाह मामले में, 8 आरोपियों को कोर्ट में किया पेश

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र के रुंडेडा गांव में बुजुर्ग महिला के साथ घर में घूस कर मारपीट, गाली गलौच एवम झुठी अफ़वाह मामले में पुलिस ने 8 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय में पेश किया जहां उन्हें जमानत पर रिहा किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रार्थिया द्वारा 11 जुलाई 2024 को वल्लभनगर थाने में उपस्थित होकर घर में घूसकर मारपीट, गाली गलौच एवं झुठी अफ़वाह फैलाकर बदनाम करने की शिकायत दी । कोर्ट के आदेश पर 9 अभियुक्तों के खिलाफ अलग अलग धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। जिस पर पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी अनुसार अनुसंधान कर आरोपी रुंडेड़ा निवासी देऊ मेघवाल, पुष्कर मेघवाल, सोरम मेघवाल, चंपा लाल मेघवाल, हीरा लाल मेघवाल, राम प्रसाद मेघवाल, गीता मेघवाल, जितेंद्र मेघवाल के खिलाफ जमानती आरोप सिद्ध होने कोर्ट में पेश किया जहां अभियुक्तों निर्धारित राशि के मुचलके पर जमानत दी गई।

**पूरा प्रकरण ये है:** पीड़िता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पति की बीमारी के इलाज के लिए बेटा और बहु अहमदाबाद गए हुए थे। 11 जुलाई की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच वो खाना बना रही थी। इसी दरमियां आरोपी अनाधिकृत रूप से बुजुर्ग महिला के घर में घुस आए और बुजुर्ग महिला को डायन कहने के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की।

### निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर के लिए आज बाराबंकी रवाना होगा दल

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** श्रीराम वन कुटीर आश्रम हंडियाकोल जंगल, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश में निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर के लिए उदयपुर से 125 सदस्यीय चिकित्सा दल मंगलवार 21 जनवरी को बीएन स्कूल स्थित महाराणा भूपाल प्रतिमा के सामने से प्रातः 8 बजे रवाना होगा। दल के संयोजक डॉ जेके छापरवाल ने बताया कि ब्रह्मलीन संत स्वामी रामदास महाराज की प्रेरणा से प्रारम्भ हुए शिविर में लगातार 44 वें वर्ष उदयपुर से चिकित्सा दल अपनी सेवाएं देने जाएगा। छापरवाल ने बताया कि दल में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, कूरज, कपासन सहित आसपास के इलाके के 30 चिकित्सक, 30 नर्सिंग स्टाफ, 30 वार्ड ब्वाय-गर्ल एवं सहयोगी स्टाफ शामिल हैं।

## एजीटीएफ झुंझुनूं की बड़ी सफलता

# दो जगह फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में ब्लैकिया गैंग के सरगना सहित चार गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/झुंझुनूं ।** बड़ की ढ़ाणी व हांसलसर फायरिंग मामले में एजीटीएफ झुन्झुनू ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ब्लैकिया गैंग के मुख्य सरगना लोकेश ऊर्फ लक्की गुर्जर पुत्र सुलतानराम (22) निवासी कुडी की ढाणी तन बांसियाल थाना मेहाडा सहित हेमन्त मान पुत्र राजेश मान (19), इसके भाई हिमांशु मान (19) निवासी ईलाखर थाना मेहाडा एवं सुनिल खटाणा पुत्र मनीराम गुर्जर (23) निवासी कुडी की ढाणी तन बांसियाल थाना मेहाडा जिला झुन्झुनू को गिरफ्तार किया है। डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि लोकेश ऊर्फ लक्की गुर्जर व सुनिल खटाणा को रंगपुरी महिपालपुर नई दिल्ली, हेमन्त मान को विश्वकर्मा जयपुर व हिमांशु मान को अलवर से दस्तयाब किया गया गठित टीमों द्वारा राजस्थान व अन्य राज्यों के करीब 160 सीसीटीवी कैमरे चैक कर राज्य के विभिन्न जिलों सहित रेवाड़ी, गुड़गांव, नारनौल, दिल्ली, यूपी आदि जगह आरोपियों की तलाश की। इस दौरान टीम ने करीब 3500 किमी मुल्जिमों का पीछा किया। डीआईजी चौधरी ने बताया कि 14



जनवरी को बड की ढाणी, गुढा बावनी थाना गुढ़ागौडजी निवासी रस्मी देवी महला ने रिपोर्ट दी थी आज रात करीब 2.30 बजे उसके घर लक्की गुर्जर, हेमन्त मान, हिमांशु मान, अनिल गढला, रोहत उर्फ जोनी भाकर, पुष्पेन्द्र गुर्जर, सुनिल किठानी दो गाड़ी व एक मोटरसाईकल लेकर आये। मारने के लिये इन्होंने फायरिंग की तो बचाव में उसने घर का गेट बन्द कर लिया। वहां पर 25 खाली खोखे मिले। इन लोगों ने गाली गलौच कर उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुये डीआईजी शरद चौधरी द्वारा सीओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में एसएचओ गुढ़ागौडजी राममनोहर, जिला स्पेशल टीम व साईबर सैल से अलग-अलग टीमों का गठन कर अवैध हथियारों से फायर कर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की तलाश के लिए विशेष निर्देश दिये गये। गठित टीमों द्वारा आसूचना व तकनीकी संसाधनों के माध्यम से व करीब 160 सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। फायरिंग करने वाले ब्लैकिया गैंग के मुख्य आरोपी लोकेश ऊर्फ लक्की गुर्जर व साथी सुनिल खटाणा व हेमन्त मान व हिमांशु मान को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिनसे अनुसंधान व पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपी लोकेश उर्फ लक्की गुर्जर के विरुद्ध गंभीर प्रकृति के 10, हेमंत मान के विरुद्ध 07, सुनील खटाना के विरुद्ध 03 एवं हिमांशु मान के विरुद्ध 02 आपराधिक मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ बुहाना उमराव के साथ एजीटीएफ से प्रभारी विक्रम सिंह मुआ, कांस्टेबल विक्रम सिंह, सुरेंद्र कुमार, अंकित ओला, अमित मोडसरा, पवन कुमार, संदीप, योगेंद्र एवं साइबर सेल से हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार मुआ, जितेंद्र थाकन एवं अरविंद कुमार शामिल थे। इस कार्रवाई में एजीटीएफ के कांस्टेबल सुरेंद्र काजला व साइबर सेल के कांस्टेबल अरविंद कुमार का विशेष योगदान रहा।

## अडिंदा में आचार्य पद घोषणा समारोह संपन्न

### 28 वे अवतरण दिवस पर गुरु भक्तों ने किया अष्ट द्रव्य से पूजन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ में बालयोगी, युवाचार्य श्रुतधरनंदी महाराज का 28 वा अवतरण दिवस विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने बताया कि प्रातः मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा की गई। दोपहर में आचार्य पद घोषणा समारोह और मुनि श्रुतधरनंदी महाराज का 28 वा अवतरण दिवस मनाया गया। चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, मंगलाचरण के साथ समारोह का प्रारंभ हुआ। संगीतमय भक्तिधुनो के साथ बाहर से आए हुए अतिथियों और गुरु भक्तों ने अष्टद्रव्य से पूजन किया । धर्म सभा के दौरान मुनि श्रुतधरनंदी महाराज को अडिंदा ट्रस्ट परिवार और गुरु भक्तों ने शास्त्र भेंट कर, पाद प्रक्षालन किया। इस अवसर गणिनी आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी ससंघ, अडिंदा ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश हिंसावत, कमल सागोटिया, प्रवीण राज संगावत, भगवती लाल टाया, शांति लाल भदावत, हीरालाल कोठारी प्रशांत, दर्शन, पारस, निर्मल, महावीर, भंवरलाल कमलेश कुशाल हिमांशु कल्पेश विजय जैन एवं ट्रस्ट परिवार सहित उदयपुर, डूंगरपुर, कुशलगढ़, इंदौर के सैकड़ो गुरुभक्त उपस्थित थे। धर्मसभा में गुरु भक्तों ने मुनि श्रुतधरनंदी महाराज को दीक्षा गुरु गणधराचार्य कुंथुसागर जी महाराज द्वारा लिखित आचार्य पद का पत्र भेंट किया। मुनि श्रुतधरनंदी महाराज को दीक्षागुरु गणधराचार्य कुंथुसागरजी महाराज द्वारा आचार्य पद प्रदान करने की घोषणा पर संपूर्ण पंडाल पार्श्वनाथ भगवान और आचार्य कुंथुसागरजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा।

## ठाणे में लाखों की रिश्वत मांगने के आरोप में दो नगर निगम अधिकारी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**ठाणे।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति से उसका घर न तोड़ने के लिए कथित तौर पर 1.3 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में दो नगर निगम अधिकारियों को गिरफ्तार किया है. एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. एसीबी ने शनिवार को जाल बिछाया और एक आरोपी, भिवंडी निजामपुर नगर निगम (बीएनएमसी) के एक बीट इंस्पेक्टर को शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये लेते हुए पकड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि एसीबी ने सहायक आयुक्त सुनील भोईर (56) और बीट इंस्पेक्टर अमोल वरघाड़े (43) को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया. अधिकारी ने कहा कि दोनों ने शुरू में शिकायतकर्ता से भिवंडी में उसका घर न तोड़ने के लिए 1.5 लाख रुपये मांगे थे, लेकिन बाद में उन्होंने रकम घटाकर 1.3 लाख रुपये कर दी. उन्होंने बताया कि आरोपी बीट इंस्पेक्टर को सहायक आयुक्त की ओर से 50,000 रुपये की पहली किस्त लेते हुए पकड़ा गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में एक सहायक पुलिस निरीक्षक को एक व्यक्ति से 50,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. रिपोर्ट के अनुसार एक अधिकारी ने बताया कि एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और तमालवाड़ी थाने के प्रभारी सूरज शांतिलाल देवकर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. उन्होंने बताया कि तमालवाड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। जालना जिले में बिजली वितरण कंपनी के इंजीनियर को 40,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया. रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को एक अधिकारी ने बताया कि जालना जिले से सरकारी महाराष्ट्र बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड के एक अतिरिक्त कार्यकारी इंजीनियर को कथित तौर पर 40,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया.भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद उसने राशि घटाकर 40,000 रुपये कर दी. अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार से शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और तौर को बुधवार शाम को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक बालू जाधवारा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के बाद तौर पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## श्री मीनाक्षी गौशाला का 14 वां स्थापना दिवस मनाया

### पशुओं की सेवा धर्म प्रवासियों के परोपकारी कार्यों की हुई सराहना

● पदमावत मीडिया



**मदुरै/तमिलनाडु ।** मदुरै नार्थ इंडियन वेलफेयर एसोसिएशन व श्री मीनाक्षी गौशाला ट्रस्ट ने रविवार को गौशाला प्रांगण में 14 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में अन्नामलाई एवं चंद्रशेखर मुख्य अतिथि रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रवासियों द्वारा गौशाला व उन्होंने मूक पशुओं की सेवा को धर्म का एक रूप बताया। उन्होंने प्रवासियों द्वारा किए जा रहे परोपकारी सामाजिक कार्यों की भी सराहना की। मनिवा प्रसार प्रचार मंत्री दिनेश सालेचा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में गणपति हवन हुआ व गौमाता की पूजा अर्चना करके की गई। तत्तश्चात गौशाला प्रांगन में मनोरंजन सहित समुह मिलन का कार्यक्रम हुआ एवं आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पारसमल मुथा ने गौशाला की रिपोर्ट प्रेस की जिसमे गौ - ग्रास सेवा प्रतिदिन, मासिक, सवामणी, सहित अनेक चल रही स्कीम से अवगत कराया एवं ज्यादा से ज्यादा स्कीम में भाग लेने के लिए आग्रह किया एवं प्रति रविवार को गौशाला में जाकर गोभक्तों द्वारा सेवा देने वाले गोभक्तों, भामाशाह, दान दाताओ आदि का सम्मान किया । सभा मे नगर के विभिन्न संस्थाओं के व्यक्ताओं ने गौशाला पर विचार प्रकट किए एवं सुजाव दिए । आयोजित कार्यक्रम में हजारो की संख्या में नगर के विभिन्न समाज के लोगों ने परिवार सहित भाग लिया एवं अपने हाथों से गौमाता को हरा चारा, चोकर, गुड़ आदि खिलाया । गौशाला प्रांगण में 14 वां समारोह के लाभार्थी परिवारों द्वारा महाप्रसाद रखी गई । कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से सेवा देने वालों कार्यकर्ताओ का सम्मान किया। मनिवा एवं गौशाला कमेटी के पवनकुमार बंसल, हुकुमसिंह दहिया, मोहनलाल चौधरी, पारसमल मुथा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं गौशाला परिसर के विकास की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मनिवा व गौशाला के पदाधिकारियों में सुरेशकुमार गुप्ता, किशोर डी. पटेल, ओमप्रकाश चौधरी, दिनेश शर्मा, राजेन्द्र चौपड़ा, पूनमाराम प्रजापत, जामताराम माली, मनोज पाटोदी, द्वारकाप्रसाद पारिख, गंगासिंह सिन्धल, अंकित बोथरा, सहित नगर के विभिन्न संस्थाओं के गणमान्य व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन मनिवा पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल चौधरी ने किया धन्यवाद ज्ञापित गौशाला सह सचिव राजेन्द्र चौपड़ा ने किया।

### यातायात जागरूकता वाहन रैली का किया गया आयोजन

● पदमावत मीडिया

रिपोर्टः कैलाश चौहान

**जोधपुर ।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह - 2025 के दौरान पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा यातायात जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली को रिजर्व पुलिस लाइन जोधपुर से पुलिस कमिश्नर जोधपुर तथा डिविजनल कमिश्नर जोधपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । जो पुलिस लाइन जोधपुर से रवाना होकर शिव मंदिर मोड,भास्कर सर्किल, खतरनाक पुलिया रोटरी चौराया, मेडिकल चौराहा श्रीराम एक्सीलेंसी, दलेखान चक्की शास्त्र नगर थाना मोड, घड़ी तिराया, चीरघर मोड़ आखलिया चौराया, मुंबई मोटर, पांचवी रोड, जालोरी गेट, पूरी तिराया, नई सड़क चौराया,पावटा चौराया, सर्किट हाउस चौराहा, भाटी चौराया, रातानाडा चौराया, पांचबती चौराया, ग्रीन गेट चौराहा, अरोड़ा सर्कल रिकिया भेरुजी चौराया, रोटरी से पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने संपन्न हुई।

## ट्रासंफर होकर आए पुलिसकर्मियों के लिए आईजी के आदेश

# भव्य स्वागत समारोह से बचें, ग्रुप की आड़ में असामाजिक तत्व उठाते फायदा

● पदमावत मीडिया



**जोधपुर।** जोधपुर रेंज के आईजी विकास कुमार की ओर से रेंज के पुलिसकर्मियों के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में हाल ही में तबादलों पर बैन हटाने के बाद जारी हुई सूचियां में अलग-अलग जगह पर पदस्थापित होने वाले पुलिसकर्मियों को स्वागत सत्कार के समारोह से दूर रहने की सलाह दी गई है। आदेश में बताया गया कि कई बार इन स्वागत सत्कार समारोह की आड़ में असामाजिक तत्व और आपराधिक तत्व पुलिसकर्मियों के साथ फोटो खिंचवाते हैं। बाद में भविष्य में इसका लाभ भी उठाते हैं। वहीं कई बार इस तरह की परिस्थितियों के चलते पुलिस की छवि भी खराब होती है और आम जनमानस पर भी असर पड़ता है। ऐसे में पुलिस कर्मियों को इस आदेश के जरिए इस तरह के भव्य स्वागत सत्कार समारोह से दूर रहने की सलाह दी गई है। आईजी विकास कुमार की ओर से जारी आदेश में बताया कि कई बार किसी पुलिसकर्मी का ट्रांसफर होने या नई जगहों पर पुलिसकर्मी के ज्वाइन करने के समय भव्य समारोह रखे जाते हैं, जबकि इसे सीमित रखना चाहिए, क्योंकि भव्य समारोह की आड़ में अलग-अलग संगठन से जुड़े लोग स्वागत के लिए आते हैं। इस दौरान आपराधिक तत्व के लोग भी पुलिस कर्मियों के साथ फोटो खिंचवाते हैं। जिनका पुलिस की छवि पर भी असर पड़ता है। इसलिए पदभार ग्रहण, विदाई समारोह, स्वागत और सम्मान समारोह जैसी औपचारिकता को सीमित रखना चाहिए।

## प्रतापगढ़ में साइबर शील्ड अभियान की कामयाबी

# पुलिस ने 11 लाख के 54 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ में साइबर शील्ड अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में करीब 11 लाख रुपये कीमत के 54 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसिंह के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। भारत सरकार द्वारा विकसित सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी



मदद से गुमशुदा मोबाइल की पहचान और बरामदगी संभव हुई। जिले के कई थानों में दर्ज मोबाइल गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर साइबर सेल और स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन मोबाइल फोन को बरामद किया। सभी बरामद मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। इस सफल कार्रवाई से जहां आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, वहीं लोगों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना भी की है। प्रतापगढ़ पुलिस का कहना है कि वह आमजन को राहत दिलाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रखेगी।

# स्वच्छता जागरूकता के लिए साइकिलिस्ट का अनूठा प्रयास

## इंडिया गेट से साइकिल पर 1447 किलोमीटर का संदेशपरक सफर हुआ शुरू

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के विजन को साकार करने के उद्देश्य से देश के दो साइकिलिस्ट अकबर अली बंदूकवाला और ऋषभ जैन की नई दिल्ली के इंडिया गेट से मुम्बई स्थित गेटवे ऑफ इंडिया तक की साइकिल यात्रा सोमवार से प्रारंभ हुई। दोनों साइकिलिस्ट साइकिल यात्रा से देशभर में स्वच्छता का संदेश देंगे। वर्तमान में चीन में प्रवासरत उदयपुर के मूल निवासी अकबर अली बंदूकवाला व ऋषभ जैन की इस साइकिल यात्रा का उद्देश्य स्वच्छ भारत-एक कदम स्वच्छता की ओर विषय पर जन जागरूकता फैलाना है और



उनके इस सफर की शुरुआत सोमवार 20 जनवरी को दिल्ली के इंडिया गेट से हुई। दोनों के उद्देश्य को देखकर प्रोत्साहित करने के लिए नई दिल्ली तीस हजारी कोर्ट के ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्री ऋषब तनवार इंडिया गेट पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री तनवार ने इस मौके पर कहा कि यह एक उदात्त उद्देश्य है जिसका संपूर्ण देश में प्रसारित होना जरूरी है। इसके बाद वसंत कुञ्ज, नई दिल्ली के बजीबीन पार्क में फ्लैग ऑफ सेरेमनी के प्रोग्राम में वसंत कुञ्ज वार्ड के पार्षद जगमोहन महलावत और धर्मवीर सिंह, पार्षद रमा कृष्णा पुरम वार्ड, साउथ दिल्ली ने दोनों साइकिलिस्ट को शुभ कामनाएं दी।इस मौके पर राकेश कोठारी ने कहा कि वह भी मार्च से एक नशा मुक्त अभियान स्कूल के बच्चों के लिये चलाएंगे और प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार में बच्चों को साइकिल दी जाएगी ताकें वह व्यसनों से बच सकें और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाएं। कार्यक्रम दौरान धर्मवीर सिंह, साइकिलिस्ट हृदय रैना और गौरव वधवा प्रॉसिडेंट दिल्ली बाइक क्लब, पूजा कोठारी सहित बड़ी संख्या में साइकिलिस्ट मौजूद रहे। अकबर अली ने बताया कि वे 22 जनवरी को भीलवाड़ा होते हुए उदयपुर के खेरवाड़ा पहुंचेंगे। इसी बीच उदयपुर के डीपीएस स्कूल में इन सम्मान किया जाएगा। यहां से 23 को खेरवाड़ा से रवाना होकर नडियाद पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि साइकिल पर कुल 1447 किलोमीटर के इस सफर का समापन 26 जनवरी को मुंबई स्थित गेटवे ऑफ इंडिया पर होगा।

### डांगी समाज ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन लाल मेघवाल का किया स्वागत




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का पटेल डांगी समाज की ओर से सुखाडिया रंग मंच पर समाज का साफा बांध कर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालो में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीरालाल डांगी, प्रदेश अध्यक्ष पटेल डांगी समाज के पी एस पटेल, मार्बल उद्योगपति तुलीराम डांगी, सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्षा मणिबेन पटेल, किरण डांगी व पुरीलाल डांगी, नारायण डांगी, दुदाराम डांगी व भेरूलाल डांगी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# रतलाम पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

## 65 लाख रूपए का माल बरामद, 675 ग्राम सोने और तीन किलो चांदी के जेवरात सहित 10 लाख 50 हजार नगद जब्त

● पदमावत मीडिया



**भोपाल/रतलाम।** मध्यप्रदेश पुलिस प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में पुलिस ने थाना डीडी नगर क्षेत्र में हुई लगभग 65 लाख रूपए की चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर मामले का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया। फरियादी के घर में शादी के दौरान हुई इस चोरी में घर के नौकर पवन डोडियार ने मुख्य भूमिका निभाई। उसने अपने दो अन्य साथियों अनिल डामोर और अमृतलाल देवड़ा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। दिनांक 19 जनवरी 2025 को को फरियादी सुनील पिता माणकलाल मूणत द्वारा रिपोर्ट कर सूचना दी गई कि उनके घर में बेटे की शादी का कार्यक्रम होने से सभी लोग एक दिन पहले से ही घर पर ताला लगाकर चंपाविहार मैरिज गार्डन में गए हुए थे। उसी दिन रात्रि 12ः30 बजे जब फरियादी सुनील मूणत अपने घर पहुंचे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। कोई अज्ञात बदमाश रसोई घर की खिड़की का कांच तोड़कर घर के अंदर घुस गए और अलमारी का दरवाजा तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, चांदी की सात सिली, सोने की तीन डली, व 12 लाख रुपए नगद चोरी करके ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना डीडी नगर पर क्ब्रहस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपियों की पाताराशी एवं माल मशरूका की बरामदगी हेतु प्रशिक्षु आई पी एस श्री विक्रम अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डीडी नगर रविन्द्र दंडोतिया के नेतृत्व में थाना डीडी नगर, सायबर सेल, सीसीटीवी और फिंगर प्रिंट शाखा के साथ अलग अलग टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। सीसीटीवी में दिखाई देने वाले संदिग्धों का पुलिस टीम द्वारा रूट ट्रैक किया गया। सायबर सेल की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर भी संदिग्धों से पूछताछ की गई। जिसके आधार पर संदिग्ध अनिल पिता रतन डामोर उम्र 20 वर्ष निवासी तैरमा बाउडी शिवगढ़ तथा अमृतलाल पिता भूरालाल देवड़ा उम्र 19 वर्ष निवासी तेरमा बाउडी शिवगढ़ को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथी पवन पिता गौतम डोडियार निवासी मोखमपुरा बाजना की मदद से चोरी करना स्वीकार किया। पवन डोडियार फरियादी के घर पर नौकर है। इस कारण पवन को घर में रखे पैसे और जेवरात के बारे में सटीक जानकारी थी। घर में शादी होने से परिवार जब गार्डन में गया था तो पवन ने ही आरोपियों अनिल और अमृतलाल को चोरी करने के लिए बुलाया था। पवन के बताए समय अनुसार अनिल और अमृतलाल द्वारा घर में घुसकर चोरी की और ट्रेन से बड़ौदा और वहां से इंदौर की तरफ फरार हो गए थे। पुलिस टीम द्वारा घटना के 24 घंटे के भीतर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने चांदी के जेवरात, चोरी के पैसे से खरीदे 02 आई फोन, नकद राशी जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

## राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान

# महाराणा भूपाल अस्पताल की एचआईवी परीक्षण प्रयोगशाला को मिला एनएबीएल प्रमाण पत्र

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज उदयपुर (राज.) के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग (माइक्रो बॉयोलॉजी) की एचआईवी परीक्षण प्रयोगशाला को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज (एनएबीएल) द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि एनएबीएच प्रवेश स्तर प्रमाणन प्राप्त करने के बाद अब यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन माथुर ने बताया कि इस प्रमाणन के तहत प्रयोगशाला को आईएसओ 15189रू2012' मानक के अनुसार मेडिकल परीक्षण के लिए गुणवत्ता और क्षमता में मान्यता दी गई है। इसका दायरा मात्रात्मक और गुणात्मक परीक्षण दोनों पहलुओं को कवर करता है, जो मरीजों के लिए सटीक और विश्वसनीय परिणाम सुनिश्चित करेगा।

### मरीजों को ऐसे मिलेगा लाभ

महाराणा भूपाल चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ आरएल सुमन ने बताया कि यह प्रमाणन एचआईवी परीक्षण की सटीकता और गुणवत्ता सुनिश्चित करता हैं, जिससे रोगियों को बेहतर उपचार और समय पर निदान मिल सकेगा। अन्य प्रयोगशालाएं हमारी मान्यता प्राप्त सुविधाओं का उपयोग करके अपने उपकरणों और प्रक्रियाओं को कैलिब्रेट कर सकती हैं।

यह मान्यता संस्थान को देश के अन्य अग्रणी चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में शामिल करती है।यहां प्रतिदिन 300 से अधिक एचआईवी परीक्षण किए जाते हैं, जो रोगियों को सटीक निदान और समय पर उपचार में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। एम.बी. हॉस्पिटल, आरएनटी मेडिकल कॉलेज में स्थित एआरटी केंद्र रोगियों को एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी प्रदान करता है, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। डॉ सुमन ने बताया कि एचआईवी परीक्षण प्रयोगशाला कमरा नंबर 23, ग्राउंड फ्लोर, एम.बी. हॉस्पिटल, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में स्थित है और यह रोगियों के साथ-साथ चिकित्सा अनुसंधान और सहयोग के लिए समर्पित है। राष्टीय और स्थानीय स्तर पर यह मान्यता अस्पताल की सेवाओं में सुधार और विश्वास की नई ऊंचाइयों को दर्शाती है।

राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-चतुर्थ प्रतियोगिता परीक्षा-2022

# अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि, जेंडर के अतिरिक्त प्रविष्टियों में संशोधन का अवसर

● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-चतुर्थ प्रतियोगिता परीक्षा-2022 का पुनः आयोजन 23 मार्च 2025 को करवाया जाना प्रस्तावित है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार 21 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगें। ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/- का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा के संबंध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 10 जनवरी 2025 के क्रम में अभ्यर्थियों को निशुल्क संशोधन करने का अवसर दिया गया था। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन में निशुल्क संशोधन नहीं किया है, उक्त अवधि के दौरान ऑनलाइन आवेदन में 500 रुपए का शुल्क जमा करवाते हुए संशोधन कर सकते हैं।

# डॉ. नूरुद्दीन बोहरा बने आर.वी.आर.एस. मेडिकल कॉलेज से सबसे पहले फैमिली फिजिशियन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के भीण्डर कस्बे के डॉ. नूरुद्दीन आर.वी.आर.एस. के फैमिली मेडिसिन एन.बी.ई.एम.एस डीएनबी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने वाले सबसे पहले डॉक्टर थे। यह विभाग दूसरे सभी विभागों से बिल्कुल अलग और बेहद कठिन है।

फैमिली मेडिसिन में मेडिसिन, सर्जरी, ऑब्सटेट्रिक व गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक, ऑर्थोपेडिक, ई.एन.टी, ऑप्थमोलॉजी, फिजियोथेरेपी, डर्मेटोलॉजी एवं साइकेट्री सभी विभागों की एमरजेंसी एवं प्राथमिक चिकित्सा का अध्ययन होता है। इसकी परीक्षा भी बहुत कठिन होती है, जिसमें सभी विभागों के प्रश्न पूछे जाते है। जो परीक्षार्थी लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करता है वहीं प्रायोगिक परीक्षा के लिए योग्य होता है। यहां तक कि लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा भी अलग-अलग राज्य में होती है। डॉ. नूरुद्दीन की पीजी महात्मा गांधी चिकित्सालय के पी.एम.ओ डॉ. अरुण गौड़ के अधीन हुई है। डॉ. बोहरा ने अपनी एम.बी.बी. एस. एवं पीजी के दौरान भी बहुत सारे अवार्ड्स अपने नाम किए। इनको गत वर्ष स्वतंत्र दिवस पर भी श्रेष्ठ रेजिडेंट के अवार्ड से नवाज़ा गया। डॉ. बोहरा उदयपुर जिले के भीण्डर कस्बे के रहने वाले है, जिनका चयन नीट-पीजी 2022 परीक्षा द्वारा आर.वी.आर एस. मेडिकल कॉलेज संबंध महात्मा गांधी चिकित्सालय में हुआ था। इन्होंने पहले ही राउंड में भीलवाड़ा को लॉक कर दिया था और यहां पर अपनी पीजी की। डॉ. बोहरा अपनी समाज सेवा के द्वारा भी बहुत जाने जाते है। वो अपने फ्री टाइम में ग़रीब एवं लाचार लोगों की बिना किसी लाभ के उनका उपचार करते हैं।

# सांसद डॉ रावत ने किया महिला क्रिकेटर भगवती का सम्मान



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भगवती गमेती को सम्मानित किया। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मेजबान टीम की बाएं हाथ की गेंदबाज आदिवासी अंचल धार ग्राम की भगवती गमेती को डॉ रावत ने सम्मानित किया। आदिवासी अंचल के प्रतिभावान वंचित खिलाड़ियों को सरकार से भरपूर सहयोग दिलाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भगवती के प्रशिक्षक नीरज बत्रा तथा आदिवासी अंचल की क्रिकेट व लेक्रोज की अनेक खिलाड़ी उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि भगवती गमेती अपनी किफायती गेंदबाजी से संपूर्ण टूर्नामेंट में 15 विकेट लेकर प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषिएवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रही राष्टीय कृषि विकास योजना की परियोजना मेवाड़ क्षेत्र की परंपरागत फसलों के प्रसंस्करणों का उत्कृष्टता केंद्र के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र वल्लभनगर में दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका विषय ÷मिलेट प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन÷ व ÷हल्दी एवं अदरक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन÷ रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज (मिलेट्स) और हल्दी एवं अदरक के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना था। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविन्द वर्मा ने किसानों तथा महिलाओं के लिए लाभदायक बताया। वहीं दूसरी ओर, परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ. कमला महाजनी ने विषय वस्तु की जानकारी देते हुए कहा कि मिलेट प्रसंस्करण और अदरक एवं हल्दी प्रसंस्करण से महिलाओं में रोजगार के साधन उत्पन्न होंगे। इससे वे अपना लघु उद्योग स्थापित कर सकेंगी। पहले दिन प्रतिभागियों को मिलेट प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डॉ. पायल तलेसरा एवं सुश्री योगिता पालीवाल द्वारा मिलेट जैसे रागी व बाजरा की चॉकलेट बनाने की तकनीक सिखाई गई। इसके साथ ही, परियोजना में कार्यरत मशीनिस्ट सुश्री चित्राक्षी कछवाहा ने मिलेट और मसाला प्रसंस्करण मशीनों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन मशीनों का उपयोग करके किसानों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए मोटे अनाजों का प्रसंकरण करना आसान हो जाएगा। आय के नए स्रोत भी विकसित किए जा सकते हैं। दूसरे दिन, सुश्री योगिता पालीवाल द्वारा अदरक व हल्दी के उत्पाद जैसे अदरक कैन्डी, मुरब्बा तथा आचार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, डॉ. पायल तलेसरा द्वारा उत्पादों के विपणन, पैकेजिंग तथा लेबलिंग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मिलेट से बने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे किसानों और प्रशिक्षणार्थियों ने मिलेट से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

# जस्टिस पुष्पेंद्रसिंह भाटी ने उदयपुर न्यायालय परिसर में नवीन वीसी कक्ष एवं शिशु गृह का किया उद्घाटन

## प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिए आवश्यक निर्देश

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधीश एवं उदयपुर न्यायिक क्षेत्र के संरक्षक न्यायधीश पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने रविवार को जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में वीडब्ल्यूडीसी (अति संवेदनशील गवाहों की गोपनीयता) हेतु नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया। उक्त वीसी कक्ष सभी कोर्ट से जुड़ा रहेगा जहां उक्त वीसी कक्ष के माध्यम से गवाहों के बयान हो पाएंगे। साथ ही उन्होंने नवनिर्मित ट्रेच रूम (शिशु गृह) का भी उद्घाटन किया। उक्त शिशु गृह में कोर्ट परिसर में बयानों के लिए आने वाले अधिकारी-कर्मचारी समेत आमजन एवं अन्य गवाहों के छोटे बच्चों, एवं परिजन जो कोर्ट में गवाही के दौरान अपने बच्चों को साथ लाते हैं ऐसे सभी बच्चों की देखरेख सुविधा रहेगी। शिशु गृह में छोटे बच्चों के खिलौने सहित अन्य आवश्यक प्रबंध उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री भाटी ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेते हुए न्यायालय परिसर के जमीन आवंटन से जुड़े लंबित प्रकरणों एवं गवाहों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। बैठक में संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीना, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, देवस्थान विभाग आयुक्त वासुदेव मालावत, यूडीए आयुक्त राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

# महाकुम्भ मेला 2025 (प्रयागराज) महाकुम्भ में राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क व्यवस्थाएं

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** संगम की धरती प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेला-2025 में राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। देवस्थान विभाग की ओर से वहां हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। देवस्थान विभाग के आयुक्त ने बताया कि प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) में राज्य सरकार को आवंटित प्लॉट नं0 97, सेक्टर 7 कैलाशपुरी मार्ग पर राजस्थान मण्डप, (प्रयागराज) में राजथान के श्रद्धालुओं के सुविधार्थ निशुल्क आवास व्यवस्था की गई। इसमें श्रद्धालुओं की व्यवस्थार्थ 49 टेन्ट, डवल बैड, अटैच लेटबाथ, 30 बैड डोरमेट्री की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। राजस्थान मण्डप में भोजन की निशुल्क व्यवस्था है। चिकित्सा व्यवस्था के लिए दो चिकित्सक व दो पैरामेडिकल स्टाफ नियुक्त किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टि से एक उपाधीक्षक पुलिस व एक सब इन्सपेक्टर जाप्ता सहित नियुक्त किए गए हैं।

### हेल्प डेस्क स्थापित

देवस्थान विभाग द्वारा राजस्थान से आने वाले यात्रियों के लिए राजस्थान मण्डप, (प्रयागराज) में हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। इस पर सहायक देवस्थान आयुक्त श्री गौरव सोनी (मो0 न0 9929637447), देवस्थान निरीक्षक श्री पुष्पेन्द्र चतुर्वेदी (मो0 न0 6367387261), प्रबंधक श्री मनोज शर्मा (मो0 न0 9887812885) नियुक्त हैं। राजस्थान मण्डप प्रयागराज का सम्पर्क सूत्र 0532-2977044 है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए देवस्थान विभाग राजस्थान (मुख्यालय) उदयपुर में भी एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिस पर श्रद्धालु सुबह 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक सम्पर्क कर महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में राजस्थान मण्डप के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उदयपुर मुख्यालय का सम्पर्क सूत्र 0294-2426130, 0294-2426131, 0294-2426132 है।

## राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर ड्रोन शॉ से बिखरेगी सतरंगी आभा

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में उदयपुर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह में मेवाड़ और राजपूताने के सांस्कृतिक वैभव, मेवाड़ की आबोहवा में घूले राष्टप्रेम तथा भारतीय सेना के सैन्य शौर्य का दिग्दर्शन होगा। वहीं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर फतहसागर की पाल पर ड्रोन शॉ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। ड्रोन शॉ के माध्यम से फतहसागर झील के किनारे सतरंगी आभा बिखरेगी। वहीं घुड़सवारी शॉ भी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं।

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की मेजबानी उदयपुर को मिलने के बाद से ही जिला प्रशासन के निर्देशन में अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम आयोजन को पूर्ण गरिमामय रूप से तथा अभूतपूर्व ढंग से आयोजित करने को लेकर माइक्रो लेवल पर प्लानिंग करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि 26 जनवरी को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गांधी ग्राउण्ड में प्रस्तावित है। इसमें माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े ध्वजारोहण करेंगे। इससे पूर्व 25 जनवरी को शाम 4 बजे सहेलियो की बाड़ी में एट होम तथा शाम 6 बजे फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक संध्या प्रस्तावित है।

### ड्रोन शॉ और आर्मी शस्त्रों की प्रदर्शनी रहेंगे आकर्षण का केंद्र

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 25 जनवरी को फतहसागर की पाल पर प्रस्तावित सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों की ओर से राजस्थान की सांस्कृतिक विरासतों से प्रोतओत प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा फतहसागर की पाल पर 50 लाख रूपए की लागत से ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। साथ ही भारतीय सेना की ओर से शस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। घुड़सवारी शॉ व फूलों की प्रदर्शनी भी आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।



### झांकियों में दिखेगी विकसित राजस्थान की झलक

गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों, संभागीय मुख्यालयों तथा चिन्हित जिलों की झांकियां भी शामिल की जाएंगी। विभागीय झांकियों में जहां पिछले एक वर्ष के दौरान अर्जित की गई विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी, वहीं विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों की झलक भी देखने को मिलेगी। इसके अलावा संभाग व जिलों की झांकियों में सांस्कृतिक गौरव, ऐतिहासिक धरोहरों और क्षेत्र विशेष का वैशिष्ट्य परिलक्षित होगा।

### सजेगी झीलों की नगरी

गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह की मेजबानी करने के लिए झीलों की नगरी में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर के सभी प्रमुख स्थलों, चौराहों आदि पर रंगबिरंगी लाइटिंग और फूलों से विशेष सजावट की जा रही है। आमजन में भी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उत्साह है।

### जिला कलक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

जिला कलक्टर श्री पोसवाल सोमवार सुबह से गांधी ग्राउण्ड में मौजूद रहे। उन्होंने मार्चपास्ट, पीटी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों आदि का पूर्वाभ्यास देखा। साथ ही वीवीआईपी आगमन, बैठक व्यवस्था, ध्वजारोहण, झांकी प्रदर्शन आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# आर्थिक वृद्धि दर बढ़ाने के लिए आयकर में कटौती और निवेश पर जोर जरूरी

**नई दिल्ली एजेंसी।** 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, शहरी खपत पिछड़ रही है, इसलिए व्यक्तिगत आयकर संरचना को दरों और कटौती दोनों के संदर्भ में तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसा निम्न और मध्य आय वर्ग के हाथों में आ सके। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर को कम करने और निवेश के लिए ज्यादा पूंजी आवंटित करने जैसे घरेलू कारकों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, शहरी खपत पिछड़ रही है, इसलिए व्यक्तिगत आयकर संरचना को दरों और कटौती दोनों के संदर्भ में तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसा निम्न और मध्य आय वर्ग के हाथों में आ सके। श्रीवास्तव ने कहा, इस समय वैश्विक आर्थिक स्थितियां दुनियाभर की आर्थिकी के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ऐसे में सरकार को घरेलू मांग जैसे कारकों पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों की तुलना में पूंजीगत खर्च में 20 फीसदी की वृद्धि होनी चाहिए। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। श्रीवास्तव के मुताबिक, उम्मीद है कि सरकार राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों के लिए निवेश और कुछ हद तक खपत जैसे तरीकों का चयन करेगी। निवेश घरेलू मांग का मुख्य चालक है, जो अब तक यह सफल रहा है। यही कारण है कि पिछले तीन साल में हमारी आर्थिक वृद्धि दर मजबूत रही है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 6.4 फीसदी की दर

## खपत के लिए पैसा देना होगा



से बढ़ने का अनुमान है। पिछले साल जुलाई में पेश आर्थिक सर्वे में चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5-7 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक वृद्धि दर में जो नरमी देखी गई है, वह मुख्य रूप से सरकारी पूंजी के खर्च में कमी के कारण है। अप्रैल-नवंबर, 2024 के बीच सरकार ने 5.13 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च किया, जो 11.11 लाख करोड़ के बजट अनुमान का 46 फीसदी है। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष के बचे महीनों में ही सरकार को 54 फीसदी खर्च करना होगा। राजकोषीय प्रोत्साहन के एक हिस्से के रूप में निवेश की वृद्धि की रफ्तार को बहाल करना होगा। इसके साथ ही, खपत पर होने वाले खर्च को भी प्रोत्साहित करने की भी आवश्यकता होगी। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश कुमार का मानना है कि आर्थिक विकास को बढ़ावा देने व इसे और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए, पूंजीगत खर्च के साथ ?बुनियादी ढांचे में निवेश पर ध्यान देने की जरूरत है। बुनियादी ढांचे के खर्च को बनाए रखने और इसे आगे बढ़ाने से आर्थिक विकास को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, अब समय आ गया है कि सरकार 5-6 साल पहले शुरू की गई बुनियादी ढांचा का अगला संस्करण लाए। यानी इसमें और ज्यादा तेजी लानी होगी। बजट में मौद्रिक पक्ष से कुछ समर्थन की उम्मीद है और वित्त वर्ष 2026 में आरबीआई दो बार में में ब्याज दरों में 0.5 फीसदी की कटौती कर सकता है।

### विनिर्माणबढ़ाने को सीमा शुल्क में कटौती संभवः डेलॉय

डेलॉय इंडिया का कहना है कि सरकार स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सामान और फुटवियर उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर सीमा शुल्क घटा सकती है। अभी एक दर्जन से अधिक सीमा शुल्क दरें हैं। सरकार स्लैब की संख्या को घटाकर 4 या 5 करने पर विचार कर रही है।

# सुरक्षित विरासत के लिए एचयूएफ बनाएं, टैक्स बचाएं

**नई दिल्ली एजेंसी।** अपनी विरासत की प्लानिंग के लिए हिन्दू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) का गठन अच्छा विकल्प है। इसके जरिये टैक्स में अच्छी खासी बचत कर सकते हैं। साथ ही, संपत्ति की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो जाएगी। सरकारी नौकरी से रिटायर कानपुर के अमित मिश्रा को पेंशन मिलती है। दो शादीशुदा बेटे हैं। दोनों नौकरीपेशा हैं। परिवार को पुश्तैनी संपत्ति और व्यवसाय से भी अच्छी खासी कमाई हो रही है। सभी सदस्य अलग-अलग आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरते हैं। अमित को चार्टर्ड अकाउंट (सीए) ने सलाह दी कि आप हिन्दू अविभाजित परिवार यानी एचयूएफ का गठन कर लें तो पूरा परिवार काफी टैक्स बचा सकता है। इसके अलावा, कई और फायदे भी होंगे। हिन्दू सक्सेशन एक्ट-1956 के तहत एचयूएफ को एक कानूनी इकाई माना गया है। आयकर कानून-1961 में एचयूएफ को परिवार के भीतर एक अलग इकाई मानी गई है। जिस प्रकार परिवार के किसी सदस्य को आयकर की विभिन्न धाराओं में छूट और कटौती का लाभ मिलता है, उसी तरह का फायदा एचयूएफ को भी मिलता है। आयकर कानून में एचयूएफ की एक व्यापक परिभाषा तय की गई है। इसके तहत, जो लोग भारत में रह रहे हैं और ईसाई, पारसी, मुस्लिम एवं यहूदी नहीं हैं तो वे अपना एचयूएफ बना सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि सिख और जैन भी एचयूएफ बना सकते हैं। हिन्दू परिवार में शादी के बाद एचयूएफ स्वतः ही बन जाता है, लेकिन इसका फायदा उठाने के लिए आपको एचयूएफ रजिस्टर्ड करना होगा। इसके लिए एक घोषणा पत्र देना होगा। इसके जरिये आयकर विभाग से पैन कार्ड बनवाना होगा। पैन कार्ड बनते ही आपका एचयूएफ गठित हो जाएगा। एचयूएफ के पैन के जरिये आप बैंक में खाता खुलवा सकते हैं। एचयूएफ की आय को कहीं भी निवेश और खर्च कर सकते हैं। एचयूएफ को छूट सिर्फ उसकी कमाई पर ही मिलेगी। अगर कोई सदस्य चाहे कि वह एचयूएफ में अपनी इनकम डालकर कर छूट प्राप्त कर ले, ऐसा नहीं होगा। एचयूएफ के जरिये टैक्स में कैसे बचत कर सकते हैं, इसे अमित के उदाहरण से समझते हैं। मान लीजिए, अमित की पेंशन व अन्य निजी माध्यमों से सालाना आय 10 लाख रुपये है। पारिवारिक व्यवसाय और पुश्तैनी संपत्ति के किराये से 5 लाख रुपये की कमाई है। इस तरह, अमित की कुल सालाना आय 15 लाख रुपये हो जाएगी, जिससे वह ऊपरी टैक्स स्लैब में आ जाएंगे। अमित विरासत से आय को एचयूएफ में शामिल कर सकते हैं। पुरानी कर व्यवस्था के हिसाब से 2.5 लाख तक की आय टैक्स फ्री है। बाकी 2.5 लाख पर जो 12,500 रुपये का टैक्स बनेगा, उस पर धारा-87ए के तहत रिबेट मिल जाएगा। इस तरह, एचयूएफ की ओर रिटर्न भरकर अमित 5 लाख की कमाई को टैक्स फ्री कर सकते हैं। एचयूएफ में परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति कर्ता यानी प्रबंधक होता है। नियमों के तहत, परिवार की महिला अपने नाम पर एचयूएफ नहीं बना सकती है।

## एसबीआई की रिपोर्ट में किया गया दावा

# बाजार में स्थिरता आने पर रुपये में जोरदार उछाल की उम्मीद

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक ( एसबीआई ) की एक रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा बाजार अनिश्चितताओं के समाप्त होने के बाद भारतीय रुपये में मजबूत सुधार दिख सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) में अब भी कुछ गति बाकी है, लेकिन एसबीआई ने 2016-2017 की अवधि से समानता बताते हुए कहा कि रुपये में उसी समय की तरह अस्थिरता के दौर के बाद मजबूत उछाल आ सकती है। डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) विदेशी मुद्राओं के बास्केट के सापेक्ष डॉलर के मूल्य का एक सूचकांक है। रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि कई कारकों के कारण डॉलर इंडेक्स ऊपर की ओर बढ़ना जारी रख सकता है। इसमें डॉलर पर वैश्विक वित्तीय प्रवाह का उलटफेर भी शामिल होता है। डोनाल्ड ट्रम्प की अमेरिका को फिर से




महान बनाओ जैसी आर्थिक विकास समर्थक नीतियों का समर्थन करने वाली बड़ी टेक कंपनियों का प्रभुत्व, डॉलर की मजबूती में योगदान देता है। एसबीआई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में भारत की मुद्रा प्रचलन में 78,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जो लगभग 35.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, यह देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 11 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने नवंबर 2024 तक रुपये को थामने के लिए फॉरेक्स बाजार में 1.7 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की। इसके जरिए, विदेशी मुद्रा बाजार में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप किया है। एसबीआई के अनुसार रुपये का सबसे बुरा दौर जल्दी होने वाला है खत्म भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, नवंबर 24 तक भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से विदेशी मुद्रा की शुद्ध बिक्री 1.7 लाख करोड़ रुपये थी और हमारा मानना है कि रुपये में गिरावट को देखते हुए कम से कम आज की तारीख तक यह 1.7 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को आसानी से पार कर गई होगी। एसबीआई का मानना है कि सबसे बुरा दौर जल्द ही खत्म हो सकता है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कम होने और बाजार की स्थितियों के स्थिर होने के बाद रुपये के मूल्य में सुधार की उम्मीद है।

# भगवान के लिए हमें अकेला छोड़ दो, आखिर ऐसा क्यों बोलीं करीना कपूर खान ?



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपने पति और अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के कुछ दिनों बाद बांद्रा स्थित उनके घर का वीडियो शूट करने वाले पैपराजी पर भड़क उठीं और उन्हें चेतावनी दी। उन्होंने मीडिया से उन्हें अकेला छोड़ना को कहा। हालांकि, कुछ ही मिनटों में अभिनेत्री ने वह पोस्ट डिलीट कर दी। सोमवार को करीना कपूर खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक मीडिया पोर्टल का वीडियो शेयर किया, जिसमें तैमूर और जेह के लिए उनके घर पर नए खिलौने आते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो की हेडलाइन में लिखा था, तैमूर और जेह के लिए उनके घर पर नए खिलौने आए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए करीना ने लिखा, अब इसे बंद करो, दया रखो... भगवान के लिए हमें अकेला छोड़ दो। साथ ही उन्होंने हाथ जोड़ने वाला इमोजी भी लगाया। हालांकि, यह स्टोरी अभी उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर उपलब्ध नहीं है। सैफ अली खान अब धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। अभिनेता को सोमवार को छुट्टी मिलनी थी, लेकिन लीलावती अस्पताल के डॉ. नितिन डांगे ने कहा कि उन्हें निगरानी में रखा जाएगा और उन्हें छुट्टी देने का फैसला अगले एक से दो दिनों में किया जाएगा।

# शादी के बाद कितना बदल गई हैं सोनाक्षी सिन्हा

बॉलीवुड अभिनेत्री और शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी सिन्हा ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी कर ली है और वह कभी भी कपल गोल्स देने में पीछे नहीं रहतीं। कल दोनों को मुंबई में एक साथ शाम बिताने के लिए बाहर निकलते हुए देखा गया, जब पैपराजी ने सोनाक्षी से पोज देने के लिए कहा, तो उन्होंने झट से मना कर दिया। आखिर सोनाक्षी ने ऐसा क्यों किया।

### आखिर सोनाक्षी ने पैपराजी को तस्वीर लेने से क्यों किया मना

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल साथ में पोज देते नजर आ रहे हैं। वहीं, जब एक फोटोग्राफर ने उनसे सोलो शॉट के लिए रिक्वेस्ट की तो सोनाक्षी ने झट से मना कर दिया। सोनाक्षी ने समझदारी से जवाब दिया, अब सोलो नहीं करते। बाद में क्लिप में, सोनाक्षी को जहीर की चेन खींचते हुए भी देखा गया, जिसमें एक चाबी का पेंडेंट लगा हुआ था। जहीर ने मजाकिया अंदाज में कहा, यह मुझे पसंद नहीं है।

### दोनों में ज्यादा रोमांटिक कौन?

कथित तौर पर सोनाक्षी ने एक इंटरव्यू में बताया, जहीर ज्यादा रोमांटिक और फिल्मी हैं। वह सही समय पर डायलॉग और गाने निकालता है और शानदार इशारे



करता है। शादी के प्रपोजल के बारे में भी सोनाक्षी ने बताया, यह अब तक की सबसे प्यारी बात थी और हमारे सबसे अच्छे पलों में से एक था। मुझे उस ट्रिप के दौरान उनके प्रपोज करने का प्लान पता चला। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जहीर ने एक इंटरव्यू में बताया, हम हमेशा एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करते हैं। हमारे बीच यह लड़ाई चलती रहती है कि कौन दूसरे व्यक्ति से ज्यादा प्यार करता है।

# मुझे माफ करिएगा, बिग बॉस हारने के बाद विवियन ने फैंस से मांगी माफी

अभिनेता और 'बिग बॉस 18' के रनर अप विवियन डीसेना के फैंस का दिल तब टूट गया जब वह शो की ट्रॉफी से एक कदम दूर रह गए। विवियन ने बिग बॉस की ट्रॉफी के लिए अपने कड़े प्रतिद्वंदी करणवीर मेहरा से कंपटिट किया और करण शो जीतने में कामयाब रहें। शो खत्म होने के बाद विवियन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए अपने प्रशंसकों से माफी मांगी और उनके समर्थन के लिए आभार जताया। विवियन डीसेना ने घर से बाहर आते ही अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने अपने फैंस से इसलिए माफी मांगी कि वह ट्रॉफी नहीं जीत सके। विवियन ने लिखा, मुझ पर निस्वार्थ प्यार और विश्वास दिखाने के लिए, आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया। मैंने आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की, मुझे माफ करिएगा अगर मैंने आपको किसी भी तरह से निराश किया। उन्होंने आगे कहा, मैं आपकी भावनाओं को समझ सकता हूं और भावनाओं का यह उफान देखकर मैं भी भावुक हो गया हूं। आप सभी का साथ पाकर मैं बेहद खुश और गौरवान्वित हूं। मैं वादा करता हूं कि मैं कड़ी मेहनत करूंगा और हर तरह से आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। अभिनेता ने आगे कहा, आप सभी मेरा परिवार और मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मैंने अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह केवल आपकी वजह से है। मैं अपने प्रशंसकों का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। आप सभी को मेरा सलाम। 'बिग बॉस 18' के घर में 100 दिनों से ज्यादा समय बिताने के बाद,



विवियन डीसेना, करणवीर मेहरा, अविनाश मिश्रा, रजत दलाल, ईशा सिंह और चुम दरांग शो के टॉप 6 फाइनलिस्ट बने थे। ग्रैंड फिनाले के दिन विनर की रेस से बाहर होने वाली पहली प्रतिभागी ईशा सिंह थीं, उसके बाद चुम दरंग फिर अविनाश और रजत इस रेस से बाहर हुए।

### मैनिफेस्टेशन में यकीन नहीं रखतीं कंगना रनौत

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर अक्सर चर्चा हो रही है। कंगना ने कहा कि मेनिफेस्टेशन उनके लिए कुछ अच्छी चीज नहीं है। मैं इन सबमें नहीं मानती। कंगना ऐसा क्यों सोचती हैं, इस बारे में भी उन्होंने बताया है। कंगना ने कहा, पहले के लोग कहते थे कि काम करो फल की चिंता मत करो। अब लोग पहले फल को पहले देखना चाहते हैं, उसके बाद में काम करते हैं। तो ये कैसा काम हुआ। हो सकता है कि आप जो अपने लिए सोच रहे हैं अच्छा न हो और मिल गया तो आपके लिए सही न हो, ऐसे में हमें सब छोड़ देना चाहिए। बस काम पर फोकस करना चाहिए। कंगना ने कहा कि सपने में देखती हूं, लेकिन खुली आंखों से, ये मेनिफेस्टेशन में नहीं करती। कंगना ने कहा, कि मैं जब आई तो मैंने कोई मेनिफेस्टेशन नहीं किया। मैंने उसके लिए काम किया। मैंने लेखन सीखने के लिए अमेरिका गई। मैंने अपने आप को और अच्छा बनाने के लिए एक्टिंग के साथ कुछ और चीजें भी ऐड ऑन कीं, उस पर मैं काम भी कर रही हूं।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय-चिड़ावा की बड़ी कार्रवाई

## झुंझुनू जिले की सूरजगढ़ थाना इलाके में पकडा 204 किलो गांजे से भरा ट्रक कंटेनर, हरियाणा निवासी आरोपी ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय तथा चिड़ावा एवं सूरजगढ़ थाना पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर एक ट्रक कंटेनर का कई घण्टों पीछा कर पकड़ लिया। कंटेनर की बॉडी में बने गुप्त स्थान से पुलिस ने 204 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपी ट्रक चालक सुभाष चन्द्र जाट पुत्र अमरजीत सिंह (40) निवासी नोंरगा का बास जाटान थाना सदर झोझू जिला चरखी दादरी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थ गांजा की कीमत करीब 2.50 करोड़ रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में गैंगस्टर, वांछित अपराधियों, तस्करों इत्यादि की जानकारी एवं धर पकड़ के लिए एजीटीएफ पुलिस मुख्यालय की विभिन्न टीमों को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में भेजा गया है, जो गुप्त रूप से जानकारी जुटा कर लगातार कार्रवाई कर रही। एडीजी एमएन ने बताया कि एएसपी श्री शर्मा के सुपरविजन एवं उप निरीक्षक सुभाष तंवर के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल, अभिमन्यु, मोहनलाल, नरेंद्र, कमल डागर, सुरेश, कांस्टेबल, रतिराम व चालक सुरेश एवं झुंझुनू जिले की चिड़ावा एजीटीएफ कांस्टेबल हरीश को सूचना मिली कि उड़ीसा से एक ट्रक कंटेनर में भारी मात्रा में गांजा आया है। सूचना को डवलप कर सीओ चिड़ावा विकास धीन्धवाल को अवगत कराया गया। एमएन ने बताया कि सीओ धिन्धवाल के निर्देश पर सूरजगढ़ थाना अधिकारी हेमराज मय टीम द्वारा हरियाणा नंबर के ट्रक कंटेनर की तलाश की गई। बगड की तरफ से आने की सूचना पर चिड़ावा पुलिस ने चिडावा बाईपास पर ट्रक कन्टेनर को रूकवाने की कोशिश की। लेकिन चालक चिड़ावा कस्बे से होता हुआ मेंन हाईवे से ट्रक को सूरजगढ की तरफ भगाने लगा। सूचना पर सूरजगढ़ पुलिस द्वारा रघुनाथपुरा टोल बूथ पर नाकाबंदी शुरू की गई। इसी दौरान कन्टेनर चालक के ट्रक को स्यालू की तरफ घुमा लेने की सूचना मिली। इस पर रघुनाथपुरा टोल नाका से आगे स्यालू की तरफ से आने वाले रास्तो पर नाकाबंदी शुरू की गई। इसी बीच रघुनाथपुरा से मण्डी सूरजगढ की तरफ वाले रास्ते पर कंटेनर आने की सूचना पर बरासिया कालेज के पास पावर हाउस मोड पर नाकाबंदी की गई। सूरजगढ की तरफ से कन्टेनर आता दिखाई दिया, रुकवाने पर चालक जानलेवा व खतरनाक तरीके से नाकाबंदी पर लगे जाप्ते को मारने ट्रक ऊपर चढाने की कोशिश कर हुए ट्रक को बुहाना रोड की और डिवाईडर पर चढाते हुए भगाने लगा। इस पर सीओ चिड़ावा मय टीम, एसएचओ चिडावा व सूरजगढ एवं एजीटीएफ की टीम द्वारा ट्रक का पीछा किया तो चालक सूरजगढ कस्बे मे कई वाहनों के टक्कर मारते हुए खतरनाक व जानलेवा तरीके से लगातार भागता रहा। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से चालक को पुलिस ने ट्रक रोकने की कई बार हिदायत दी, लेकिन चालक लगातार भागता रहा। कन्टेनर को रूकवाने के लिए दो बार सावधानी रखते हुए बुहाना व सूरजगढ की तरफ से कोई वाहन व राहगीर आते हुए नहीं दिखाई देने पर खाली जगह होने पर जाखोद बाईपास तिराहे से पहले सर्विस पिस्टल से हवाई फायर कर भी चेतावनी दी गई। लेकिन फिर भी चालक कन्टेनर को लगातार दौड़ाते हुए जाखोद रोड से कासनी की तरफ चला। सभी टीमों ने ट्रक के आगे पीछे गाड़ी लगा रोकना चाहा तो ट्रक लेकर खेत में घुस गया। ट्रक के टायर जमीन में धंसने की वजह से आरोपी भागने लगा, जिसे मौके पर ही टीम ने पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर सुभाष चन्द्र निवासी थाना सदर झोझू जिला चरखी दादरी हरियाणा होना बताया। ट्रक कंटेनर की तलाशी ली गई तो पीछे की बॉडी में केबिन की तरफ करीब 2 फुट चौड़ा अलग से केबिन बनाया हुआ था, जो बाहर से दिखाई नही देता। ऊपर अलग से स्क्रू कसे हुए मिले। जिसे खोल कर देखा तो कुल 6 प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए मिले। जिनमें कुल 40 पैकेट रखे हुए थे, इन पैकेटों में कुल 204 किलो 85 ग्राम गांजा मिला। ट्रक एवं अवैध मादक पदार्थ जब्त कर पुलिस ने आरोपी चालक सुभाष चंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुभाष चन्द्र हरियाणा के चरखी दादरी में एनडीपीएस के मामले में पूर्व में गिरफ्तार हुआ था, जिसमें इसे 10 साल की कैद हुई थी। साल 2017 में बेल मिलने पर आरोपी फरार हो गया। आरोपी हरियाणा का उद्घोषित अपराधी है, जिसके ऊपर इनाम भी रखा गया है। पुलिस की टीम आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है और इसके आपराधिक रिकार्ड के बारे में जानकारी ली जा रही है। एजीटीएफ चिड़ावा के कांस्टेबल हरीश की आसूचना पर की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ पुलिस मुख्यालय के हेड कांस्टेबल मोहन लाल व कमल डागर एवं एजीटीएफ झुंझुनूं एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल शशिकांत एवं कांस्टेबल अमित की विशेष भूमिका रही। टीम में एजीटीएफ पीएचक्यू से उपनिरीक्षक सुभाष तंवर, एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल अभिमन्यु, नरेंद्र, सुरेश, कांस्टेबल रतिराम व चालक सुरेश तथा झुंझुनू जिले से सीओ चिड़ावा विकास धिन्धवाल एवं एसएचओ सूरजगढ़ हेमराज शामिल थे।

## नयागांव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग, ग्राम वासियों ने दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** जिले की झल्लारा पंचायत समिति के राजस्व ग्राम नयागांव और गामड़ी के ग्रामवासियों द्वारा सोमवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन ओर पुनर्सीमांकन के संबंध में ज्ञापन दिया गया। जिसमें नयागांव ,गामड़ी, धौलपान का गुड़ा और लाऊवा को सम्मिलित करते हुए नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की गई हे। उक्त चारों गांवों की सीमाएं आपस में सम्मिलित हे और नयागांव उपयुक्त केंद्र होने के साथ साथ 2011 की जनगणना के अनुसार उक्त चारों गांवों की जनसंख्या 2300 के करीब होती हे साथ ही यदि नयागांव को पंचायत मुख्यालय बनाया जाता हे तो नयागांव गामड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पशु स्वास्थ केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, पोस्ट ऑफिस, 2 आंगनवाड़ी भवन, सहकारी दुग्ध उत्पादक समिति ओर 25/30 निजी प्रतिष्ठान हे और दिन भर में सैकड़ों लोगों की आवाजाही बनी रहती हे। लाउवा और धौलपान का गुड़ा जोकि वर्तमान विरवा कलान में स्थित हे जिसकी दूरी करीबन 1.5 किलोमीटर हे यदि इन गांवों के समीकरण से ग्राम पंचायत बनती हे तो सभी के लिए सुविधाजनक होगा।

चारों गांवों की सीमाओं ओर सुविधाओं को ध्यान में रखकर चारों गांवों की सहमति के अनुसार माननीय जिला कलेक्टर महोदय से नवीन ग्राम पंचायत गठित करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। उक्त चारों गांवों में अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग ज्यादा संख्या में निवास करते हे और साथ ही धरियावद विधानसभा के अंतिम छोर में बसे होने के कारण इस क्षेत्र का भौगोलिक दृष्टि से विकास नहीं हो पाया है और साथ ही ग्राम पंचायत मुख्यालय भी 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हे। यदि प्रशाशन की ओर से यदि नवीन ग्राम पंचायत का गठन किया जाता हे तो उक्त क्षेत्र के निवासियों के लिए सुविधाजनक होगा।

## विज्ञान समिति अशोकनगर मे निशुल्क बिजय कुमार सुराणा स्मृति चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** विज्ञान समिति परिसर में 118 वां श्री बिजय कुमार सुराणा स्मृति चिकित्सा शिविर आयोजित का हुआ । मुख्य संयोजक ए के जैन ने बताया कि शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सकों मे डॉ. आई एल जैन (फिजिशियन ) डॉ हरि सिँह मोगरा (नैत्र रोग ), डॉ वनीला जैन (शिशु रोग ) डॉ बी एल पोखरना , लक्ष्मी नारायण ( एक्यूप्रेशर), डॉ. अनुराग तलेसरा ( अस्थि रोग), डॉ. भानु प्रकाश वर्मा ( ई एन टी), डॉ. सरोज दाहिमा ( फिजियोथैरेपिस्ट), योगेश्वर चौबीसा (आयुर्वेद ) , डा. शैल गुप्ता, (योगाचार्या ) प्रमुख रहे । मीडिया प्रभारी प्रो विमल शर्मा ने बताया कि आज के शिविर मे सामान्य रोगी (23) महुमेह रोगी (15) ह्रदय रोगी (21) व अस्थी रोगी (12) सहित ईऐनटी रोगियों ने परामर्श का लाभ लिया । विशेष आठ महिलाओ क़ी ई सी ज़ी व थाइरोइड प्रोफइल करने के साथ ही शिविरारर्थी ऐक्यूप्रेशर, फिजियोथेरेपी , योग, आयुर्वेदिक सलाह व रक्त जाचों से लाभांवित हुए । शिविर को सफल बनाने प्रो महिप भटनागर, डा. बी.ऐल चावत, सुनिल गंग, अशोक जैन, डा. विमल शर्मा, आर के चतुर, मुनीश गोयल, कुंदन लाल कोठारी, सुरेश सिसोदिया, के एस नलवाया, रविंद्र सुराणा, गणपत पोरवाल, स्वराज जैन सहित विभिन्न उपकरण के तकनीशयनो की प्रमुख भूमिका रही।

## प्रतापगढ़ पुलिस ने किया 3.335 किलो गांजा जब्त

## बिना नंबर की बाइक से जा रहे 2 तस्कर गिरफ्तार, केसरियावाद थाना के रहने वाले हैं दोनों

● पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़ ।** जिले के केसरियावाद पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केसरियावाद थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो संदिग्धों को 3.335 किलोग्राम अवैध गांजा (केनाबिस) के साथ पकड़ा। थानाधिकारी रमेश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम थाने के सामने नाकाबंदी कर रही थी। इस दौरान पारेल की तरफ से एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। उनके बीच में गुटखा का बैग रखा हुआ था। पुलिस ने जब बैग की तलाशी ली तो उसमें डंठल और डोडिया बीज सहित 3.335 किलोग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लालूराम (38 वर्ष) पुत्र धनराज मीणा, निवासी बोरज और भैरूलाल (28 वर्ष) पुत्र राजीया मीणा, निवासी खोखरी कला के रूप में हुई। दोनों केसरियावाद थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## रठांजना पुलिस की कार्यवाही, 7 साल से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले के रठांजना पुलिस ने एनडीपीएस मामले में 7 साल से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी जसवंत कुमार पर पुलिस ने 2000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रठांजना पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम ने आसूचना संकलन किया और पता लगाया कि आरोपी अपनी पहचान बदलकर उदयपुर में रह रहा है। मामला 2017 का है। आरोपी जसवंत कुमार निवासी पानमोड़ी इस मामले में फरार चल रहा था। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण प्रतापगढ़ की अदालत में मामला विचाराधीन है। पुलिस टीम ने भेष बदलकर उदयपुर में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## मदार में वार्षिकोत्सव कुंभ 2025 का भव्य आयोजन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदार में प्रधानाचार्य सीता मोगिया की अध्यक्षता में कु-2025 वार्षिक-उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मदार के सरपंच लक्ष्मी गमेती और विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी पुलक महिला मंच के प्रतिनिधि सदस्य एवं अभिभावक थे। उपप्रधानाचार्य प्रेरणा जैन ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी , साथ ही वर्षपर्यंत सर्वश्रेष्ठ कार्यो एवं परिणाम हेतु विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए । विद्यालय के सभी बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था मदार से ही सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती मंजू त्रिपाठी द्वारा की गई । राज्य स्तर पर मदार का प्रतिनिधित्व करने वाली चार छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । जिसमें सुनीता खरवड़ ने राज्य स्तर पर 14 वर्षीय कुश्ती खेल में 50 किलोग्राम वजन में कांस्य पदक प्राप्त किया, वही 14 वर्ष में 46 किग्रा वजन में नेहा डांगी ने जिला स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तर पर प्रतिभागी रही। कक्षा 11 की साक्षी सुथार ने राज्य स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी में राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया । वहीं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कक्षा 12 की अनुष्का पुष्करणा ने कठपुतली प्रतियोगिता में भागीदारी दी। सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रूप में कक्षा 12 के जितेंद्र गरासिया को एवं सर्वश्रेष्ठ अनुशासित छात्र के रूप में दिनेश डांगी कक्षा 10 को पुरस्कृत किया गया वहीं बोर्ड परीक्षा के सर्वश्रेष्ठ परिणाम के अंतर्गत कक्षा 12 में 93त्न अंक हासिल करने पर सुहानी जोशी को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ.बिन्नू शेखावत व रेखा यादव ने किया ।

## जिला प्रभारी एवं सहायक निदेशक ने विद्यालय अवलोकन कर दिया संबलन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शाला संबलन कार्यक्रम के तहत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी एवं सहायक निदेशक अरविंद शर्मा द्वारा उदयपुर जिले के कुराबड़ ब्लॉक अधीनस्थ संचालित विभिन्न राजकीय विद्यालयों में आज सोमवार को अवलोकन कर स्टॉफ एवं विद्यार्थियों का संबलन किया गया। सीडीईओ कार्यालय उदयपुर के सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल के अनुसार श्री शर्मा ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जगत एवं राउमावि जगत का अवलोकन किया । इस दौरान उन्होंने कक्षा कक्षीय गतिविधियों, गृहकार्य जांच, पुस्तकालय, शैक्षिक स्तर, शौचालय स्वच्छता, विद्यालय की भौतिक स्थिति आदि का अवलोकन कर स्टॉफ को संबलन दिया। इस अवसर पर शर्मा ने विद्यालय में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत पूर्व कक्षा दक्षता आधारित आंकलन की पूर्व तैयारी ,नो बैग डे,उत्सव पर्व, स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम,मिड डे मिल आदि गतिविधियों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर विद्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों की जांच की। श्री शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनकी तैयारियों की जानकारी भी ली। उन्होंने परीक्षा परिणाम के गुणात्मक रूप से उन्नयन के लिए लगातार प्रयास करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय सीडीईओ कार्यालय के सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल भी साथ रहे।

## वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025-26 पर तैयारी बैठक

● पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में शिक्षा संकुल सभागार में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025-26 की तैयारी बैठक आयोजित की गई। इसमें माध्यमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ईसीसीई, एफएलएन और व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। चतुर्वेदी ने आगामी प्लान में प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में इंटरनेट कनेक्शन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। बैठक में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.रौनक बैरागी व श्री सुरेश कुमार बुनकर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## जिला शिक्षा अधिकारी भारती ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## 19 वर्ष स्कूली छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी बैठक

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** उदयपुर के इतिहास में पहली बार होने जा रही स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की 19 वर्ष छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुंदरवास उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के आयोजन एवं सफल संचालन के लिए पूर्व तैयारी हेतु शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति किए गए प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं शारीरिक शिक्षकों के साथ सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय उदयपुर लोकेश भारती ने आवश्यक बैठक की और अब तक हो चुकी तैयारी का जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किए। सोफिया उच्च माध्यमिक विद्यालय दक्षिणी सुंदरवास में बनाए गए अस्थाई कार्यालय में सभी प्रति नियुक्त प्रधानाचार्यो, शिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों की बैठक लेते हुए डीईओ श्री लोकेश भारती ने सभी कार्मिकों को अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करने के निर्देश दिए। क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अस्थाई कार्यालय बनाने के लिए सोफिया उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा एक मीटिंग हॉल, एक कक्ष एवं कंप्यूटर आदि सुविधा उपलब्ध करवाने पर सोफिया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर आशुतोष दाधीच का उपरणा एवं पाग धारण करवा कर अभिनंदन भी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 29 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक शहर के विभिन्न क्रिकेट खेल मैदानों पर खेली जाएगी। इसमें पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से 19 वर्ष छात्रा वर्ग की क्रिकेट टीम में भाग लेंगी। इस हेतु जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्रिकेट खेल मैदानों की अग्रिम बुकिंग की जा चुकी है। तैयारी का जायजा लेने पहुंचे अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चोबीसा ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्व तैयारी के तहत विभिन्न कार्यो को अलग-अलग विभाजित करते हुए अनेक समितियां गठित कर दी गई है। योग्यता अनुसार कार्मिकों को दायित्व सुपुर्द किया जा रहा है। उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा लक्ष्मण लाल सालवी ने भी कार्यालय पहुंच तैयारी का जायजा लिया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव महात्मा गांधी स्कूल सुंदरवास के प्रधानाचार्य आशुतोष तुली ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में, परिवहन व्यवस्था समिति, आवास समिति, खेल मैदान समिति, सामान्य प्रशासन एवं आयोजन समिति, स्वागत समिति, आमंत्रण पत्र लेखन एवं वितरण समिति, मंच संचालन व उद्घाटन/समापन समिति, कंट्रोल रूम (पूछताछ) समिति, अल्पाहार एवं भोजन समिति, पंजीयन एवं पात्रता एवं प्रमाण पत्र लेखन समिति, खेल सामग्री वितरण समिति, पारितोषिक वितरण समिति, अभिलेख संधारण समिति ,जल एवं बिजली व्यवस्था समिति, अनुशासन एवं सुरक्षा समिति, मार्च पास्ट एवं ध्वजारोहण समिति, संचार एवं मीडिया समिति एवम चिकित्सा समिति का गठन किया गया है।

## सांसद डॉ रावत ने किया महिला क्रिकेटर भगवती का सम्मान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भगवती गमेती को सम्मानित किया। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मेजबान टीम की बाएं हाथ की गेंदबाज आदिवासी अंचल धार ग्राम की भगवती गमेती को डॉ रावत ने सम्मानित किया। आदिवासी अंचल के प्रतिभावान वंचित खिलाड़ियों को सरकार से भरपूर सहयोग दिलाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भगवती के प्रशिक्षक नीरज बत्रा तथा आदिवासी अंचल की क्रिकेट व लेक्रोज की अनेक खिलाड़ी उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि भगवती गमेती अपनी किफायती गेंदबाजी से संपूर्ण टूर्नामेंट में 15 विकेट लेकर प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।